




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 06 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 188 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया












# संकट में सीएम!

## अरूणाचल प्रदेश में सरकारी ठेकों की सीबीआई जांच का सुप्रीमकोर्ट ने दिया आदेश

**● बड़ी अदालत ने 16 सप्ताह में मांगी विस्तृत रिपोर्ट**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आज सोमवार (6 अप्रैल, 2026) को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को उन आरोपों की प्रारंभिक जांच शुरू करने का निर्देश दिया कि अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के परिवार को जनवरी 2015 से दिसंबर 2025 तक 10 वर्षों में 1,270 करोड़ रुपये के सार्वजनिक ठेके सीधे हितों के टकराव में दिए गए थे। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने एक फैसले में अधिवक्ताओं प्रशांत भूषण और नेहा राठी द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए गैर सरकारी संगठनों वॉलंटरी अरुणाचल सेना और सेव मोन रीजन फेडरेशन द्वारा दायर याचिका का निपटारा करते हुए सीबीआई को अगले 16 सप्ताह के भीतर अपनी जांच पर एक व्यापक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जनवरी 2015 से 31 दिसंबर 2025 तक 10 वर्षों के लिए अनुबंध देने में व्यापक भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और पारदर्शी एवं खुली निविदा प्रणाली का उल्लंघन किया गया। न्यायालय ने सीबीआई को इस फैसले के दो सप्ताह के भीतर प्रारंभिक जांच शुरू करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि प्रारंभिक जांच का उद्देश्य आरोपों की सत्यता की स्वतंत्र रूप से जांच करना है, और इसे मामले की खूबियों पर टिप्पणी के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए और न ही इससे किसी को पूर्वाग्रह होना चाहिए। फैसले में निर्देश दिया गया कि 'प्रारंभिक जांच और उसके बाद की जांच, यदि कोई हो, में अरुणाचल प्रदेश राज्य में 1 जनवरी, 2015 से 31 दिसंबर, 2025 तक सार्वजनिक अनुबंधों और कार्य आदेशों के आवंटन को शामिल किया जाएगा, जिसमें इन कार्यवाही में दर्ज किए गए कार्य भी शामिल हैं।' महत्वपूर्ण बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को खांडू, उनके भाई त्सेरिंग ताशी और सौतेली माँ रिंचिन ड्रेमा और उनसे संबंधित व्यक्तियों/फर्मों को दिए गए पुरस्कारों की 'विशेष रूप से जांच' करने का निर्देश दिया।

## भाजपा स्थापना दिवस पर पीएम का 'यूसीसी और एक देश-एक चुनाव' पर फोकस



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल और कांग्रेस के शासनकाल के दमन से लेकर पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में राजनीतिक हिंसा तक हर तरह की कठिनाइयों का सामना किया है, ताकि पार्टी को मजबूत किया जा सके और राष्ट्र की सेवा की जा सके। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ''देश जानता है, हर चुनौती का सामना करने के लिए भाजपा ईमानदारी से कोशिश कर रही है, आगे भी करेगी। पहले भी सकारात्मक नतीजे मिले हैं और आगे भी मिलेंगे। पीएम मोदी ने कहा, 'अंग्रेजों के दौर के सैकड़ों काले कानूनों का अंत, लोकतंत्र के लिए नए संसद भवन का निर्माण, सामान्य समाज के गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण, कानून बनाकर तीन तलाक पर रोक, सीएए, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण ऐसे कितने ही काम हैं, जो भाजपा के ईमानदार प्रयासों का नतीजा हैं।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर योगी ने गोरखपुर में फहराया पार्टी का झंडा



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थापना दिवस पर गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिंदू सेवाश्रम भवन की छत पर पार्टी का झंडा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने झंडे के सम्मुख पार्टी पदाधिकारियों के साथ सेल्फी ली और सभी को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भाजपा के स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया संदेश में कहा कि भाजपा की विकास यात्रा सत्ता की नहीं, संस्कार की है। विस्तार की नहीं, विचार की है। 'अंत्योदय से राष्ट्रोदय' के संकल्प की सिद्धि की है। गोरखनाथ मंदिर परिसर में पार्टी का झंडा फहराने के अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने जेएएल के अधिग्रहण पर रोक लगाने से किया इंकार

**नई दिल्ली।** भारत के कॉरपोरेट जगत से जुड़ी एक अहम कानूनी लड़ाई में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने अदाणी ग्रुप की 14,535 करोड़ की बोली के जरिए जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के अधिग्रहण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि, अदालत ने एक महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए जेएएल की निगरानी कर रही मॉनिटरिंग कमेटी को बिना नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) की अनुमति के कोई बड़ा नीतिगत फैसला लेने से रोक दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि इस मामले में सभी पक्ष खासतौर पर वेदांता लिमिटेड और अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड अपनी दलीलें एनसीएलएटी के सामने रखें। अदालत ने एनसीएलएटी को निर्देश दिया कि वह इस मामले की सुनवाई तेजी से पूरी करे। एनसीएलएटी इस विवाद पर 10 अप्रैल से अंतिम सुनवाई शुरू करेगा।

## कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच वैश्विक तेल कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को दी गई सख्त चेतावनी के बाद बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.74 प्रतिशत बढ़कर 109.8 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। कल रविवार को अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.4 प्रतिशत बढ़कर 110.60 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई, जबकि अमेरिकी क्रूड (WTI) में 1.8 प्रतिशत की तेजी आई।

## जग्गी हत्याकांड में अमित जोगी को आजीवन कारावास

**● सुप्रीम कोर्ट ने बरी करने का ट्रायल कोर्ट का फैसला पलट दिया**



**बिलासपुर।** 2003 के चर्चित राम अवतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और अरविंद कुमार वर्मा की खंडपीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो की अपील स्वीकार कर ली। इसके तहत पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को बरी करने का ट्रायल कोर्ट का फैसला पलट दिया गया। अमित जोगी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और धारा 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत दोषी ठहराया गया है। उन्हें आज आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न भरने पर अतिरिक्त छह माह के सश्रम कारावास की सजा दी जाएगी। हाईकोर्ट का यह निर्णय 31 मई 2007 के ट्रायल कोर्ट के फैसले को पूरी तरह से पलट देता है। उस समय स्पेशल जज रायपुर ने अमित जोगी को बरी कर दिया था। हालांकि, चिमन सिंह, याह्या ढेबर, अभय गोयल और फिरोज सिद्दीकी सहित अन्य 28 आरोपियों को सजा सुनाई गई थी। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि एक ही गवाही पर कुछ आरोपियों को दोषी ठहराना और मुख्य साजिशकर्ता को बरी करना कानूनी रूप से असंगत है।

## अब अमोनिया गैस का संकट गहराया

**लखनऊ।** अमेरिका-इस्राइल ईरान युद्ध का असरः युद्ध का असर पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बाद अब कोल्ड स्टोरेज उद्योग और कृषि अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। अमोनिया गैस की कीमत दोगुनी होने के चलते अलीगढ़ से लेकर वाराणसी तक प्रदेश के करीब 2500 कोल्ड स्टोरेज संचालन प्रभावित हो रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर आलू उत्पादन वाले जिलों पर पड़ने की आशंका है। यूपी के आगरा मैनपुरी, फिरोजाबाद, कानपुर उन्नाव आदि शहरों में अमोनिया गैस का संकट खड़ा हो गया है।

## दिल्ली में दो कालेजों को उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर से डीयू के कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दिल्ली यूनिवर्सिटी के रामजस कॉलेज और मिरांडा कॉलेज में बम की धमकी के बाद सोमवार को कॉलेज परिसर को खाली करा लिया गया। कॉलेज एडमिनिस्ट्रेशन को एक ई-मेल मिला, जिसमें उन्हें कैंपस में एक संभावित एक्सप्लोसिव डिवाइस के बारे में अलर्ट किया गया था।

## असम में कांग्रेस की जीत के लिए पाक में दुआख्वानी

**● विदेशी साजिश और पाकिस्तानी कनेक्शन का हेमंत बिस्वा ने किया दावा**

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान (9 अप्रैल) से ठीक पहले राज्य की राजनीति में उबाल आ गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपनी पत्नी रिंकी भुइयां सरमा पर कांग्रेस द्वारा लगाए गए वित्तीय आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए इसमें 'विदेशी साजिश' और 'पाकिस्तानी कनेक्शन' होने का दावा किया है। इस मामले में FIR भी दर्ज की जा चुकी है। यह आरोप उन्होंने तब लगाया जब कांग्रेस नेताओं ने मौजूदा चुनावी माहौल के दौरान उनकी पत्नी के वित्तीय और निजी रिकॉर्ड पर सवाल उठाए। यह विवाद तब शुरू हुआ जब गौरव गोगोई समेत कांग्रेस नेताओं ने नई दिल्ली और गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दावा किया कि सरमा की पत्नी, रिंकी भुइयां सरमा के पास तीन पासपोर्ट हैं और वह व्योमिंग स्थित एक कंपनी के ज़रिए 52,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को नियंत्रित करती हैं। सरमा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस्तेमाल की गई सामग्री एक पाकिस्तानी सोशल मीडिया नेटवर्क से ली गई थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस की पूरी सामग्री एक पाकिस्तानी सोशल मीडिया ग्रुप द्वारा सप्लाई की गई थी। पाकिस्तानी मीडिया चैनलों ने हाल के दिनों में असम चुनावों पर असामान्य रूप से कई चर्चाएं प्रसारित की हैं, जो सभी कांग्रेस के पक्ष में थीं।






# ...तो उत्तरी कोरिया ने दी ईरान को घातक मिसाइलें

## कहां से आए इतने ताकतवर आयुध, अमेरिकी न्यूज एजेंसी ने उठाया रहस्य से पर्दा

**● इजराइल और अमेरिका के एयर डिफेंस सिस्टम भी बौने साबित हो रहे**



**नई दिल्ली।** ईरान के हालिया हमलों ने साबित कर दिया है कि दुनिया के सबसे आधुनिक कहे जाने वाले इजराइल अमेरिका एयर डिफेंस सिस्टम भी उसकी मिसाइलों के आगे बौने साबित हो रहे हैं। ईरान के पास इतनी ताकतवर मिसाइलें कहां से आई? यह वो सवाल है जिसने पेंटागन से लेकर इजराइली डिफेंस फोर्स तक के होश उड़ा दिए हैं। लेकिन अब इस रहस्य से पर्दा उठ गया है और इसके तार जुड़ रहे हैं दुनिया के सबसे रहस्यमई देश उत्तर कोरिया से। अमेरिकी न्यूज़ एजेंसी न्यूज़ डिजिटल की एक रिपोर्ट ने सनसनी मचा दी है। रक्षा विशेषज्ञ ब्रूस वेक्टोल का दावा है कि ईरान के बैलेस्टिक मिसाइल भंडार का एक बड़ा हिस्सा या तो सीधे तौर पर उत्तर कोरिया से खरीदा गया है या उनमें उत्तर कोरियाई तकनीक का इस्तेमाल हुआ है। एक्सपर्ट ब्रूस बेटोल जिन्होंने ईरान और उत्तर कोरिया की रणनीतिक साझेदारी पर किताब भी लिखी है। उन्होंने दावा किया है कि डियागो गार्सिया सैन्य ठिकाने पर ईरान ने जिस मिसाइल से हमला किया वो दरअसल उत्तर कोरियाई मुसुदान मिसाइल थी। हथियारों की डील का सच। ईरान ने उत्तर कोरिया से कुल 19 मुसूदान मिसाइलें खरीदी थी। इन मिसाइलों की खेप साल 2005 में ही ईरान पहुंच गई थी। यह मिसाइल लंबी दूरी तक सटीक मार करने में सक्षम है। जिससे अमेरिकी बेस भी सुरक्षित नहीं है।

## अमेरिकी-इजरायल हमले में ईरान के खुफिया चीफ माजिद खादेमी की मौत

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजरायल के हमलों में ईरान को बड़ा नुकसान हुआ है। ईरान की सरकारी मीडिया के अनुसार, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (IRGC) के खुफिया संगठन के प्रमुख माजिद खादेमी की मौत हो गई है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स ने इस हमले के लिए अमेरिका और इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है। सोमवार तड़के सुबह ईरान की राजधानी तेहरान के आसपास के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर कई हवाई हमले किए गए। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के खुफिया संगठन के प्रमुख, मेजर जनरल माजिद खादेमी, एक अमेरिकी-इजरायली हमले में मारे गए।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव
● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 06 अप्रैल, सोमवार 2026 (3)






क्लाइमेट एजेंडा की टीम के साथ साइकिल चलाकर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देने वाले बीएचयू, वीकेएम और विद्यापीठ के विद्यार्थी।

जनमुख डेस्क

## गंगा में नाव पर शराब पार्टी का वीडियो वायरल

**वाराणसी।** गंगा में नाव पर बिरयानी खाकर हड्डी फेंकने का मामला अभी चल रहा था, जेल में बंद आरोपियों को अभी जमानत भी नहीं मिली थी कि अब गंगा में शराब पार्टी का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। मामला पुलिस के संज्ञान में आया है वीडियो के आधार पर उसकी जांच कर रही है। पुलिस यह पता करने की कोशिश कर रही है कि वीडियो कब और कहां का है। इसमें नाव पर डीजे की बजता सुनाई दे रहा है। चर्चा है कि वीडियो मीरजापुर स्थित बड़ी शीतला माता (अदलपुरा) में 'बधावा' ले जाने के दौरान का बताया जा रहा है। आरोप है कि बधावा यात्रा के दौरान कुछ युवकों ने गंगा में शराब पीकर प्रतिबंधित डीजे बजाया।

# कॉलोनी के पार्क में दिनदहाड़े छिनैती

## बाईक सवार बदमाश ने बुजुर्ग महिला के गले से झपट ली सोने की चेन

● पता पूछने के बहाने रोककर दिया घटना को अंजाम

● पुलिस खंगाल रही है सीसीटीवी फुटेज



**वाराणसी।** शिवपुर थाना क्षेत्र के नारायण पार्क कॉलोनी में एक बुजुर्ग महिला से पता पूछने के बहाने बाइक सवार बदमाश ने उनकी गले में पहनी सोने की चेन छीनकर फरार हो गया। यह घटना सुबह 7:18 बजे हुई, जब 75 वर्षीय कुसुम शाह अपने घर के बाहर टहल रही थीं। महिला ने बताया कि इसी दौरान एक सफेद रंग की मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति ने उनसे शुक्ला जी का पता पूछा। जब उन्होंने इस बारे में जानकारी नहीं दी, तो बदमाश ने अचानक उनके गले से लगभग दो तोले वजन की सोने की चेन छीन ली और शिवपुर बाजार की ओर भाग गया। घटना के बाद महिला के परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया और लिखित तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगालने में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय निवासी इस प्रकार की घटनाओं से भयभीत हैं और सुरक्षा के उपायों को लेकर सवाल उठा रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वे इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करेंगे और बदमाश को पकड़ने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## सिन्धी समाज के स्तम्भ लीलाराम सचदेवा का निधन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश सिन्धी अकादमी के पूर्व सदस्य, भाजपा के पूर्व पार्षद, आरएसएस के वरिष्ठ नेता साहित्यकार लीलाराम सचदेवा का आज आकस्मिक निधन हो गया। सिन्धी समाज के स्तम्भ लीलाराम सचदेवा के निधन से सिन्धी समाज में गहरा शोक व्याप्त है। समाज के लोगों का कहना है कि उनके अचानक चले जाने से समाज की बहुत बड़ी क्षति हुई है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाने के लिए उनके निवास स्थान पर प्रातःकाल से ही लोगों के आने का सिलसिला जारी है। उनकी शवयात्रा में शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी, साहित्यकार, राजनीतिज्ञ व प्रबुद्धजन शामिल रहे।

# व्यापारी नेटवर्क का बिजनेस कॉन्क्लेव मील का पत्थर




● सवा सौ से अधिक कारोबारियों ने की भागीदारी

● सफ़रनामा बैंड की परफॉर्मेंस ने प्रतिभागियों को बांधे रखा

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** व्यापारी नेटवर्क का अन्तरीय बिजनेस कॉन्क्लेव रहा मील का पत्थर साबित हुआ। सवा सौ से अधिक व्यापारियों ने इसमें भागीदारी की। शाश्वत खेमका ने हैंडशेक्स पर वर्कशॉप लेकर व्यापारियों को किया मोटिवेट किया। कॉन्क्लेव के बाद सफ़रनामा बैंड की शानदार परफॉर्मेंस ने सभी को बांधे रखा। व्यापारियों ने एक-दूसरे के साथ नेटवर्किंग की और अपने व्यापार के बारे में जानकारी साझा की। इस इवेंट में व्यापारियों ने अपने अनुभव और विचार साझा किए, जिससे उन्हें नए अवसरों और साझेदारियों की पहचान करने में मदद मिली। सह संस्थापक डॉक्टर स्वाति अग्रवाल मित्तल ने व्यापारियों को मोटिवेट किया और भविष्य में ऐसे और कॉन्क्लेव करने का वादा किया। उन्होंने व्यापारियों को अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्थापक अपूर्व मित्तल ने बताया कि क्यों नेटवर्किंग करनी चाहिए? क्यों नेटवर्किंग जरूरी है आज के बदलती हुई दुनिया में? उन्होंने इसके बेनिफिट्स बताए और नेटवर्किंग करने का सही तरीका भी बताया। उन्होंने कहा कि नेटवर्किंग से व्यापारियों को नए अवसर मिलते हैं, नए लोगों से मिलने का मौका मिलता है, और व्यापार को बढ़ाने में मदद मिलती है। इवेंट के लिए पुलकित, सुमित अरोड़ा, आदर्श यादव, साक्षी सराफ, नित्यानंद और अंकित सेठ की टीम ने अथक प्रयास किया। प्रोग्राम का संचालन अविरल मेहत्रोत्रा ने किया। व्यापारी नेटवर्क के इस अनोखे प्रयास को व्यापारियों ने सराहा और भविष्य में भी ऐसे इवेंट्स की अपेक्षा जताई।

# बंद पेट्रोल पंप में छिपाकर रखे गए थे 200 से ज्यादा कॉमर्शियल एलपीजी

● यहां से होटलों और रेस्टोरेंटों को किया जा रहा था सप्लाई



**वाराणसी।** एलपीजी गैस की किल्लत के बीच वाराणसी में कैंट पुलिस ने चौकाघाट के पास स्थित बंद पेट्रोलपंप की बिल्डिंग में अवैध गैस सिलेंडर का भंडारण पकड़ा है। पुलिस के अनुसार कमर्शियल गैस की करीब 200 से जायदा टंकियां भरी हुई मिली हैं। जो मिर्जापुर के अदलहाट स्थित गैस एजेंसी की ही। उसके मालिकों ने यहां भंडारण कर यहां से अवैध सप्लाई कर रहे थे। फिलहाल कैंट पुलिस ने छापेमारी की है और मौके पर मिले लोगों से पूछताछ जारी है। साथ ही मौके पर जिला आपूर्ति अधिकारी को भी बुलाया गया है। कैंट थाना प्रभारी शिवाकांत मिश्रा ने बताया गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण की सूचना पर कैंट पुलिस ने चौकाघाट इलाके में बंद पेट्रोल पंप की बिल्डिंग में छापा मारा तो यहां भारी मात्रा में कमर्शियल गैस सिलेंडर भरे हुए मिले हैं। जिनकी संख्या 200 के पार है। गिनती कराई जा रही है। उन्होंने बताया यहां मौजूद कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। पता चला है कि मिर्जापुर के अदलहाट में स्थित सनराइज गैस एजेंसी का यह माल है। यहां से होटलों और रेस्टोरेंटों को ऊंचे दामों में सप्लाई किया जा रहा था। फिलहाल जिला आपूर्ति अधिकारी सूचना दी गयी है। मौके पर उनके आने के बाद स्थित साफ होगी। और अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेसियों ने मनायी बाबू जगजीवन राम की जयंती



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. बाबू जगजीवन राम जी की 119वी जयंती महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे की अगुवाई में मैदागिन कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बाबू जगजीवन राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उक्त अवसर पर प्रवीण प्रकाश, डॉ राजेश गुप्ता, सतनाम सिंह, सैयद हसन, अरुण सोनी, रमजान अली, सुनील श्रीवास्तव, असलम खान, अखिलेश पाण्डेय, वसीम अंसारी, संतोष चौरसिया, राजेन्द्र गुप्ता, हसन मेहदी कब्बन, प्रमोद वर्मा, नित्यानंद पाठक, मनोज वर्मा, पीयूष श्रीवास्तव, मोनाजिर मंजू, सुफियान अहमद,पुलक त्रिपाठी, हिमांशू सिंह, आनंद चौबे, साबिर अली, शशि सोनकर, गोपाल चौबे, दीपक यादव, आशिष, रामजी समेत सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साइकिल चलाकर दिया पर्यावरण का संदेश

## बीएचयू, वीकेएम और विद्यापीठ के छात्रों का संयुक्त आयोजन

● सुरक्षित साइकिल लेन और NMT के लिए शहरी अवसंरचना की मांग



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बीएचयू विश्वनाथ मंदिर, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर में रविवार को क्लाइमेट एजेंडा संस्था के तहत संचालित हरित सफ़र अभियान के तत्वावधान में साइकिल पर सन्डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्लाइमेट एजेंडा की टीम के साथ बीएचयू और वसंत कन्या महाविद्यालय एवं म.ग. काशी विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं, विशेषकर मास्टर ऑफ सोशल वर्क विभाग के इंटर्न और वोलंटियरों, ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष था शहर प्रशासन से सुरक्षित साइकिल लेन और NMT के लिए सुरक्षित शहरी अवसंरचना की मांग उठाना। यह मांग इसलिए ज़रूरी है क्योंकि जब तक शहरों में साइकिल चलाने वालों के लिए सुरक्षित लेन, पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित फुटपाथ और नॉन-मोटराइज़्ड ट्रांसपोर्ट NMT उपयोगकर्ताओं के लिए समर्पित स्थान नहीं होगा, तब तक साइकिल को प्रोत्साहित करना केवल एक आदर्श की बात बनकर रह जाएगी। इस आयोजन में MSW विभाग के छात्र-छात्राओं ने अग्रणी भूमिका निभाई।

## राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बी.एच.यू. में लगा एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकछा में शनिवार को एक दिवसीय व्यापक स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर नवीन व्याख्यान संकुल (न्यू एल.टी.) ऑडिटोरियम में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बी.एच.यू. के आचार्य प्रभारी डॉ. बी.एम.एन. कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने शिविर का उद्घाटन करते हुए उपस्थित ट्रॉमा सेंटर, आई.एम.एस., बी.एच.यू. की टीम का स्वागत किया तथा इस पहल की सराहना की। इस स्वास्थ्य शिविर में ट्रॉमा सेंटर, आई.एम.एस., बी.एच.यू. की लगभग 25 सदस्यीय अनुभवी चिकित्सकीय एवं सहायक टीम ने भाग लिया। टीम द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान करने के साथ-साथ आवश्यक चिकित्सीय सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।




# तेंदुए के हमले के पीड़ितों से मिले अनिल राजभर, दी एक-एक लाख की सहायता

● साल भर पहले गांव में तेंदुए ने मचाया था उत्पात, किया था कई लोगों को घायल



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के नवापुरा बस्ती में पिछले वर्ष तेंदुए के हमले से घायल हुए ग्रामीणों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन समन्वय मंत्री अनिल राजभर ने रविवार को उनके घर पहुंचकर कुशलक्षेम जाना और प्रत्येक को एक–एक लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की। यह पूरा मामला लगभग एक वर्ष पुराना है, जब मई 2025 में वाराणसी के चौबेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवापुरा बस्ती में अचानक तेंदुए के आने से पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी। उस दौरान तेंदुए ने तीन ग्रामीणों क्रमशः ग्रामसभा कमौली निवासी सुनील, गौराकलॉ निवासी जयदेव और शंकरपुर (नवापुर) निवासी प्रदीप मौर्य पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। अनिल राजभर के साथ मौके पर मंत्री प्रतिनिधि संजय सिंह, प्रवीण सिंह, कमलेश मौर्या, प्रकाश राजभर, शशांक श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, देवमनी तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सांसद प्रिया सरोज ने एयरपोर्ट को रेल मार्ग से जोड़ने की उठाई मांग

**वाराणसी।** लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए एक प्रस्ताव मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज की पहल से सामने आया है। वही इस बाबत एयरपोर्ट निदेशक ने कैंट स्टेशन से एयरपोर्ट तक लोकल ट्रेन चलाने का सुझाव भी रेलवे मुख्यालय को भेजा है। इस कदम से यात्रियों को यात्रा में सुविधा मिलेगी और जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## चंदौली समाचार

### चश्मदीद बेटे से कहा- तेरी मां सो रही, चौंकाने वाला खुलासा



**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बिछिया खुर्द गांव में शनिवार को घरेलू विवाद में पति गौतम खरवार उर्फ अतुल ने लोहे की रॉड से वार कर पत्नी सोनी खरवार (35) की हत्या कर दी। शव को बोरे में भरकर चंद्रप्रभा वन क्षेत्र में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के समय दंपती का पांच साल का बेटा मौके पर मौजूद था, जिसने आंखों के सामने अपनी मां को दम तोड़ते देखा। बेटे को दिलासा देने के लिए आरोपी ने उससे कहा कि मां सो रही है।

चकिया नगर के वार्ड नंबर 5 निवासी स्व. राधेश्याम खरवार की बेटी सोनी की शादी वर्ष 2020 में बिछिया खुर्द निवासी गौतम खरवार उर्फ अतुल से हुई थी। दंपती का एक पुत्र तेजस है। पुलिस पूछताछ में गौतम ने बताया कि पत्नी को उस पर दूसरी महिला से संबंध होने का शक था। इसी बात पर अक्सर विवाद होता था। थानाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब 11 बजे इसी बात पर दोनों कहासुनी हुई। गुस्से में आकर आरोपी ने लोहे की रॉड से कई वार कर पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद बेटे से कहा कि उसकी मां सो रही है। सबूत मिटाने की साजिश रची। आरोपी एक वाहन शोरूम में काम करता है।

## जौनपुर समाचार

### पुरानी रंजिश में युवक पर धारदार हथियार से हमला

**जौनपुर।** शहर के तूतीपुर मुफ्ती मोहल्ले में रविवार की रात पुरानी रंजिश में एक युवक पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हर्ष (27) पर तूतीपुर मुफ्ती मोहल्ला में ही रात करीब आठ बजे तीन नामजद और उनके साथियों ने हमला बोल दिया। पीड़ित के पक्ष के करन बिंद के अनुसार, हमलावरों ने तलवार, चाकू, कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से वार किए। वह उसे मारना चाहते थे, लेकिन बीच में हर्ष आ गया। इससे हर्ष के हाथ में गहरी चोट लगीं। आरोप है कि हमलावर काफी संख्या में थे और उन्होंने पूरे मोहल्ले के सामने इस वारदात को अंजाम दिया। एएसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है।

## गाजीपुर समाचार

### स्कूल के ऑफिस में फंदे से लटका मिला प्रबंधक का शव



**औड़िहार (गाजीपुर)।** खानपुर थाना क्षेत्र के फरिदहां गांव स्थित मंगरु राम विजय इंटर कॉलेज के परिसर में रविवार की शाम प्रबंधक अवधेश ऊर्फ अशोक चौहान (50) का शव पंखे से फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को संरक्षण में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। थानाध्यक्ष राजीव पांडेय ने बताया कि फरिदहां गांव निवासी व मंगरु राम विजय इंटर कॉलेज के प्रबंधक अवधेश ऊर्फ अशोक चौहान (50) का शव इंटर कॉलेज के अपने कक्ष में पंखे के सहारे फंदे से लटकता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर छानबीन शुरू कर दी। एसओ ने बताया कि परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की गई है। शव को फंदे से उतरवाकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। मृतक के बड़े पुत्र विजय चौहान (26) ने बताया कि उनकी मां व मृतक की पत्नी मीना चौहान ने छोटे बेटे विनय चौहान को पिता को बुलाने के लिए स्कूल भेजा था। बाहर से स्कूल का गेट बंद मिला तो दीवार फांद कर अंदर गया। अंदर ऑफिस का भी दरवाजा बंद मिला तो खिड़की से झांक कर देखा कि पिता अवधेश ऊर्फ अशोक चौहान का शरीर पंखे के सहारे फंदे से लटक रहा।

## मऊ समाचार

### गांवों में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव नहीं

**मऊ।** नगर पंचायत नगर बाजार समेत आसपास के क्षेत्रों में गर्मी शुरू होते ही मच्छरों के प्रकोप से ग्रामीण परेशान हैं। क्षेत्र के अधिकांश गांवों में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव नहीं होने के साथ ही साफ-सफाई की व्यवस्था भी पटरी से उतरी हुई है। जगह-जगह पानी इकट्ठा होने से दुर्गंध फैल रही है, जिससे मच्छरों की संख्या में वृद्धि हुई है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही क्षेत्र में जलजनित बीमारियों के पनपने का भी खतरा बना हुआ है। जनपद में एक अप्रैल से संचारी अभियान का शुभारंभ हो चुका है, बावजूद इसके अनेक स्थानों पर सफाई और लार्वासाइड का छिड़काव शुरू नहीं हुआ है। जनपद में एक नगर पालिका के साथ दस नगर पंचायत और नौ ब्लॉक की लगभग 645 ग्राम पंचायतें हैं।

## आजमगढ़ समाचार

### वाहन की टक्कर से टहलने निकले वृद्ध की मौत



**सरायमीर।** थाना क्षेत्र में लखनऊ राजमार्ग किनारे टहलते समय रविवार की सुबह पांच बजे छित्तुपट्टी के पास पीछे चार पहिया वाहन की टक्कर से अनीस अहमद (65) की मौत हो गई। गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए।

प्रभारी निरीक्षक भुवनेश चौबे ने बताया कि परिजनों के अनुसार दरीखा शेख अहमदपुर निवासी अनीस अहमद रोज सुबह राजमार्ग किनारे टहलते थे। वे रविवार की सुबह भी टहलने निकले थे। वे छित्तुपुर स्थित राजमार्ग के किनारे टहल रहे थे कि तेज गति के अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद वाहन चालक तेज गति से वाहन लेकर फरार हो गया। लोगों ने परिजनों के साथ पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और परिजन के साथ उन्हें इलाज के लिए निकटवर्ती फूलपुर स्थित अस्पताल ले गए। वहां देखते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम में भेजकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## बलिया समाचार

### पीसीएस में सफल होकर जीएसटी कमिश्नर बने राघवेंद्र का स्वागत

**रसड़ा।** क्षेत्र के ग्राम अठीलापुरा निवासी राघवेंद्र कुमार सिंह ने पीसीएस 2024 परीक्षा पास कर जीएसटी कमिश्नर बनकर घर अठिलापुरा आने पर उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। राघवेंद्र सिंह पुत्र स्व. प्रभुनाथ सिंह की प्रारंभिक शिक्षा सेंट मेरिज स्कूल राघोपुर रसड़ा, इंटरमीडिएट जाम स्थित श्रीनाथ बाबा इंटर कालेज और ग्रेजुएशन प्रयागराज विश्वविद्यालय से हुई है। 12 वर्षों तक इंडियन नेवी में कार्यरत रहे। पुनः अपने प्रयास से पीसीएस 2024 परीक्षा पास कर जीएसटी कमिश्नर बने। राघवेंद्र सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय बड़े पिता स्व. भृगुनाथ सिंह दिया। छह भाई-बहनों में सबसे छोटे राघवेंद्र सिंह शुरू से पढ़ाई में अव्वल रहे। मनोज सिंह, गुड्डू सिंह, कमला सिंह, संजीव सिंह, अवधेश सिंह, जावेद अंसारी, अभय यादव, राजेश यादव, संतोष यादव, लखन राजभर, सुनील सिंह, नवजीत सिंह, जग्गू सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## सोनभद्र समाचार

### शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी



**सोनभद्र।** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में अप्रैल महीने के प्रथम शनिवार को ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को बड़े ही सरल भाव से सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर मामले जमीन सम्बन्धित प्राप्त हुए, जिसका शंका समाधान मौके पर ही तत्परता के साथ निस्तारण किया गया। जमीन सम्बन्धी मामले को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों का निस्तारण भी कराया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आई0जी0आर0एस0, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके, शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अनुपस्थित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने जिला सेवायोजन अधिकारी, आयुक्त स्वरोजगार, जिला उद्यान अधिकारी, जिला उद्योग अधिकारी, सी0डी0पी0 ओ0 दुद्धी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी दुद्धी ने 61 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस दुद्धी में कुल 06 मामले निस्तारित हुए, बाकी 55 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

## सुल्तानपुर समाचार

### हाईवे पर चालक की हत्या, ट्रक में मिला लहूलुहान शव

**सुल्तानपुर।** लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर पयागीपुर के पास रविवार दोपहर खड़े ट्रक के केबिन में प्रयागराज निवासी चालक प्रदीप यादव (25) का शव मिला। मृतक के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। ट्रक मालिक प्रयागराज के हरिसेनगंज निवासी संजय खत्री की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। देर रात मृतक के पिता राम आधार ने ट्रक के खलासी संजय शर्मा निवासी प्रतापगढ़ के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज करवाई है। एएसपी अखंड प्रताप सिंह ने एफआईआर दर्ज होने की पुष्टि की है। पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने बताया कि ट्रक मालिक संजय खत्री ने रविवार दोपहर पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि प्रदीप यादव उनका ट्रक चलाता था। उनके मुताबिक, प्रदीप पिछले 15-20 दिनों से बिहार व महाराष्ट्र के रूट पर था। आशंका है कि उसके पास कुछ नकदी थी,

## गोरखपुर समाचार

### बिल भुगतान न होने पर दिखाई मनबढ़ाई, सख्ती के बाद परिजनो को सौंपा

**गोरखपुर।** निजी अस्पताल में करीब 70 हजार रुपये बकाया बिल के कारण नवजात का शव रोकने के मामले स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती की तब अस्पताल संचालक ने शनिवार भोर में चार बजे परिजनों को शव सौंपा। पीड़ित परिवार ने मामले में निजी अस्पताल के खिलाफ शनिवार को सीएमओ से शिकायत की।

सीएमओ ने अस्पताल संचालक को पत्र लिखकर उनका पक्ष मांगा है। जिले के चौरीचौरा निवासी राजू गुप्ता में सीएमओ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मंगलवार को पत्नी गोल्डी का महिला अस्पताल में प्रसव हुआ। प्रसव के बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ गई। बच्चे को लेकर वह एंबुलेंस से बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहीं पर बाल रोग चिकित्सा संस्थान के गेट पर कुछ युवक मिले।

उन्होंने बरगलाकर स्पोर्ट्स कॉलेज के पास स्थित निजी अस्पताल में नवजात को भर्ती कर दिया। युवकों ने दावा किया था कि रोजाना का करीब 7500 रुपये रोजाना खर्च लगेगा। संचालक ने नवजात के भर्ती होते ही 50 हजार रुपये जमा कराए। राजू ने बताया कि बृहस्पतिवार को जब वह आईसीयू में नवजात को देखने पहुंचा। उसका पूरा शरीर गहरा नीला पड़ गया था। हाथ काले हो गए थे। दिल की धड़कन बंद हो गई थी। वहां लगी मशीन से कोई आवाज नहीं आ रही थी। देखकर ही लग रहा था कि नवजात की मौत हो गई है। इसके बावजूद अस्पताल संचालक उसे आईसीयू में रख रहे। इतना ही नहीं संचालकों ने 70 हजार रुपये का बिल थमा दिया। परिजनों ने शुक्रवार की देर शाम सीएमओ डॉ राजेश झा के पास व्हाट्सएप पर शिकायती पत्र भेजा था। इसके बाद सीएमओ ने अस्पताल संचालक को चेतावनी दी। मामला बिगड़ता देख अस्पताल संचालक ने शुक्रवार रात में 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी।

## भदोही समाचार

### अभोली में बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया

**भदोही।** अभोली ब्लॉक के बीआरसी अभोली परिसर में सोमवार को 'स्कूल चलो अभियान', नामांकन रैली और संचारी रोग जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत हुआ। ब्लॉक प्रमुख प्रियंका बिंद, खंड शिक्षा अधिकारी वेद प्रकाश यादव, सीडीपीओ मंजू देवी और एडीओ पंचायत ने संयुक्त रूप से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने 'मम्मी-पापा हमें पढ़ाएं, स्कूल में चलकर नाम लिखाएं' जैसे प्रेरणादायक नारों के साथ लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। रैली का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का स्कूलों में नामांकन सुनिश्चित करना और संचारी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में समस्त प्रधानाध्यापक, नोडल शिक्षक संकुल सहित संतोष कुमार सिंह, अरविंद कुमार यादव समेत अन्य शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मीरजापुरअसमाचार

### मण्डलायुक्त ने पेयजल योजनाओं नियमित जलापूर्ति में कतिपय कारणों से आ रही अस्थाई बाधाओं निराकरण के सम्बंध में बैठक कर समीक्षा



**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में पेयजल योजनाओं नियमित जलापूर्ति में कतिपय कारणों से आ रही अस्थाई बाधाओं निराकरण के सम्बंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या राम नरायण यादव, मुख्य अभियंता लोकेन्द्र बहादुर सिंह, तीनो जनपदो के अधिशासी अभियंता जल निगम, लोक निर्माण विभाग एवं कार्यदायी संस्थाओ के पदाधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में मण्डलायुक्त ने जल निगम के अधिकारियो व कार्यदायी संस्थाओ के पदाधिकारियो से जलपूर्ति के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई एवं कार्यदायी संस्थाओ के पदाधिकारियो निर्देशित करते हुए कहा कि सुबह व सांय में निर्धारित समय के अनुसार जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें एवं मण्डल के सभी अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण व नगरीय को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यदायी संस्थाओ के द्वारा जनपद के घरो व गांवो में जलापूर्ति की जा रही है उन सभी स्थलो का आपरेटरो के मोबाइल नम्बर शिफ्टवार सूची ले व जिन स्थलो पर जलापूर्ति नही हो पा रही है वहां पर कब तक प्रारम्भ होगी उसकी जानकारी ले। उन्होंने कहा कि यदि विद्युत से सम्बन्धित कोई समस्या आ रही तो सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी विद्युत विभाग के अधिकारियो को अवगत कराएं एवं जिन स्थलो पर पाइप लाइन बिछनी है या बिछाई जा रही है इसमें किसी प्रकार की समस्या आ रही हो तो लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए निराकरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्थाओ को किसी प्रकार की कोई समस्या आती है अधिशासी अभियंता जल निगम को अवगत कराएं व अधिशासी अभियंजा जनपद स्तर पर जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर शीघ्र अतिशीघ्र निराकरण कराए।

## देवरिया समाचार

### किशोरी की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या, मनबढ़ों ने बड़ी बहन और भाई को दौड़ाकर पीटा



**देवरिया।** रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र के नौतन हथियागढ़ गांव स्थित एक कॉलेज के पास शनिवार की रात एक किशोरी की से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। इस बात की जानकारी होते ही अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में भिजवाया। परिजन पुरानी रंजिश में साजिश के तहत हत्या का आरोप लगा रहे हैं। थानाक्षेत्र के नौतन हथियागढ़ गांव की रहने वाली अंजली (16) पुत्री मलका प्रसाद शनिवार की रात आठ बजे के करीब अपनी बड़ी बहन गुड़िया और छोटे भाई अनीश के साथ सहोदर पट्टी चौराहा पर मोबाइल ठीक कराने जा रही थी। इसी बीच चौराहा से अभी कुछ दूर पहले ही बाइक सवार तीन मनबढ़ युवक पहुंचे। अंजली सहित बहन और भाई की रोक कर पिटाई करने लगे। इसी बीच एक युवक ने चाकू निकाल लिया। यह देख अंजली सहित तीनों जान बचाने के लिए भागने लगे। आरोपियों ने दौड़ाकर गेहूं के खेत में अंजली को पकड़ लिया। दो चाकू पीछे से गर्दन पर मारकर ज़ख्मी कर दिया। वह खेत में गिरकर तड़पने लगी। जीवित देख आरोपी दोबारा लौटकर गला रेतकर निर्मम हत्या कर दिया। इस बात की जानकारी होते ही सनसनी फ़ैल गई। परिजन हत्या के पीछे कुछ माह पहले गांव के एक परिवार से हुए मारपीट और पुरानी रंजिश बता रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में भिजवा दिया।

## प्रयागराज समाचार

### हाईकोर्ट ने 710 न्यायिक अधिकारियों का किया तबादला



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासन ने वार्षिक स्थानांतरण नीति के तहत विभिन्न जिला न्यायालयों और आउटलेइंग कोर्ट में तैनात 710 न्यायिक अधिकारियों का तबादला कर दिया है। रजिस्ट्रार जनरल मंजीत सिंह श्योरण की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, इनमें 265 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, 169 सिविल जज सीनियर डिवीजन स्तर के अधिकारी और 276 सिविल जज जूनियर डिवीजन स्तर के अधिकारी शामिल हैं। आदेश दिया गया है कि सभी स्थानांतरित अधिकारी 15 अप्रैल तक नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर लें। रजिस्ट्रार जनरल मंजीत सिंह श्योरण की अधिसूचना के अनुसार प्रयागराज से स्थानांतरित अपर जिला व सत्र न्यायाधीशों में राम प्रताप सिंह राणा को सुल्तानपुर, रविकांत द्वितीय को आगरा, अनीता प्रथम को बदायूं, मनोज कुमार मिश्र द्वितीय को फतेहपुर स्थानांतरित किया गया है। वहीं, दिनेश कुमार गौतम को मोहम्मदी (लखीमपुर), प्रदीप कुमार चतुर्थ को आगरा, अपर्णा त्रिपाठी द्वितीय को महोबा, कॉमशिऱ्यल टैक्स ट्रिब्यूनल के न्यायिक सदस्य राजीव रंजन को प्रतापगढ़, हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार प्रशांत बिलगैया को लखनऊ, ज्वाइंट रजिस्ट्रार संदीप चौधरी व एडीजे सीमा सिंह प्रथम को गौतमबुद्ध नगर भेजा गया है। इसके अलावा बरेली में तैनात कुमार मयंक, गोरखपुर से पंकज श्रीवास्तव, कुशीनगर से शैलेंद्र मणि त्रिपाठी, लखनऊ से नीरज कुमार उपाध्याय, शाहजहांपुर से अभय प्रताप सिंह, अनुराधा पुंडीर व पंकज कुमार श्रीवास्तव को प्रयागराज भेजा गया है। मुजफ्फरनगर से निशांत सांगला को इलाहाबाद हाईकोर्ट में जॉइंट रजिस्ट्रार, बुलंदशहर से वरुण मोहित निगम व बलिया से ज्ञान प्रकाश तिवारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार बनाया गया है। कौशाम्बी की शीरीन जैदी को लखनऊ व बृजेश कुमार यादव को बहराइच भेजा गया है।

## लाइफ मंत्र

### कब मनाई जाएगी बैसाखी? जानें पर्व का इतिहास, महत्व और मनाने की परंपरा



बैसाखी का पावन पर्व इस वर्ष 14 अप्रैल 2026 (मंगलवार) को मनाया जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार, यह पर्व मेष संक्रांति के दिन मनाया जाता है, जब सूर्य मीन राशि से मेष राशि में प्रवेश करता है। पंचांग के अनुसार, इस दिन सूर्य का मेष राशि में प्रवेश सुबह 9:39 बजे होगा, जो इस पर्व का शुभ समय माना जाता है।

**बैसाखी का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व**

बैसाखी सिख धर्म का नववर्ष भी माना जाता है और यह पर्व नई शुरुआत, उत्साह और समृद्धि का प्रतीक है। पंजाब और हरियाणा में यह पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। यह रबी फसल की कटाई की खुशी का प्रतीक है। किसानों के लिए यह दिन विशेष महत्व रखता है।

**कैसे हुई बैसाखी मनाने की शुरुआत?**

सिख इतिहास में बैसाखी का विशेष स्थान है। 13 अप्रैल 1699 को गुरु गोविंद सिंह जी ने आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। गुरु गोविंद सिंह जी ने 'पंज प्यारों' को अमृत पान कराया। समाज से भेदभाव खत्म करने का संदेश दिया। पुरुषों को 'सिंह' और महिलाओं को 'कौर' की उपाधि दी। तभी से यह दिन सिख समुदाय के लिए आध्यात्मिक जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है।

**बैसाखी कैसे मनाई जाती है?**

बैसाखी के अवसर पर पूरे उत्तर भारत, विशेषकर पंजाब में उत्सव का माहौल रहता है। गुरुद्वारों को फूलों और रोशनी से सजाया जाता है। श्रद्धालु सुबह-सुबह मत्था टेकने जाते हैं। अरदास और कीर्तन का आयोजन होता है। 'पंज प्यारों' की अगुवाई में भव्य नगर कीर्तन निकाले जाते हैं। पुरुष पारंपरिक भांगड़ा और महिलाएं गिद्धा नृत्य करती हैं। गुरुद्वारों में विशाल लंगर का आयोजन किया जाता है। बैसाखी केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि आस्था, इतिहास और कृषि संस्कृति का संगम है। यह दिन जहां सिख धर्म के लिए आध्यात्मिक महत्व रखता है, वहीं किसानों के लिए मेहनत के फल का उत्सव भी है। बैसाखी 2026 नए साल, नई उम्मीदों और खुशहाली का संदेश लेकर आ रही है।

## गर्मी में मिलेगी दमकती त्वचा, बस सेब के छिलके का ऐसे करें इस्तेमाल



सेब के छिलके में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और नेचुरल एसिड होते हैं जो स्किन को ब्राइटन करते हैं और टैनिंग को कम करते हैं। साथ ही साथ, इससे स्किन पोर्स को टाइटन करने में भी मदद मिलती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि सेब के छिलके से गर्मी में अपनी स्किन का ख्याल किस तरह रख सकते हैं। गर्मी के मौसम में आपकी स्किन ज्यादा देखभाल मांगती है। ऐसे में हम तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। जबकि स्किन की नेचुरल तरीके से भी देखभाल की जा सकती है और इसके लिए फलों के छिलकों का इस्तेमाल करना ही काफी है। इन्हीं में से एक है सेब का छिलका। बहुत से लोगों की आदत होती है कि वे सेब को छीलकर खाते हैं और फिर उसके छिलकों को यूं ही बाहर फेंक देते हैं। जबकि इनकी मदद से आप गर्मी में अपनी स्किन को पैम्पर कर सकती हैं। दरअसल, सेब के छिलके में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और नेचुरल एसिड होते हैं जो स्किन को ब्राइटन करते हैं और टैनिंग को कम करते हैं। साथ ही साथ, इससे स्किन पोर्स को टाइटन करने में भी मदद मिलती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि सेब के छिलके से गर्मी में अपनी स्किन का ख्याल किस तरह रख सकते हैं-

**सेब के छिलके से बनाएं स्क्रब**

गर्मी के मौसम में सेब के छिलके से स्क्रब बनाया जा सकता है। यह डेड स्किन व टैन हटाता है। साथ ही, स्किन को एक चमक देता है।

**आवश्यक सामग्री-**

1 चम्मच सेब के छिलके का पाउडर
1 चम्मच चीनी
थोड़ा सा शहद

**कैसे बनाये**

सबसे पहले सेब के छिलके को सुखाकर उसका पाउडर बना लो। अब पाउडर में चीनी व थोड़ा सा शहद डालकर मिक्स करें। इससे चेहरे पर धीरे से 2-3 मिनट तक मालिश करें। फिर धो लो।

**सेब के छिलके से बनाएं आइस क्यूब**

गर्मी में आइस क्यूब का इस्तेमाल करने से आपकी स्किन को ठंडक मिलती है। सेब के छिलके के आइस क्यूब अतिरिक्त तेल व पसीने को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही, पोर्स को टाइटन भी करते हैं।

**आवश्यक सामग्री**

सेब के छिलके
पानी
आइस ट्रे
कैसे बनाये

सेब के छिलके को पानी में डालकर उबाल लीजिये। अब पानी ठंडा होने दो। बर्फ की ट्रे में पानी को जमने के लिए रख दें। मेकअप से पहले सुबह चेहरे पर इससे रब करें।

**सेब के छिलके से बनाएं टोनर**

यह टोनर ना केवल स्किन को रिफ्रेशिंग लुक देता है, बल्कि यह एक माइल्ड एक्सफोलिएशन की तरह भी काम करता है।

**आवश्यक सामग्री-**

सेब के छिलके
पानी

**कैसे बनाये**

सेब के छिलके को पानी में उबाल लीजिये और फिर कुछ देर ठंडा होने दें। अब इसे छानककर बोतल में स्टोर करें। फिर कॉटन से स्प्रे करें। इस टोनर को फ्रिज में 4-5 दिन तक स्टोर किया जा सकता है।



## K-Beauty वाला निखार अब घर पर, ये असरदार Skin Care टिप देगा शीशे जैसी बेदाग त्वचा

**अपनी स्किन को चमकदार बनाने के लिए आज हम आपको एक ऐसा सीक्रेट बताने जा रहे हैं, जिसको आजमाकर आप भी फेस की टैनिंग को कम कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन खूबसूरत और मुलायम होगी।**

ज्यादातर महिलाएं गर्मियों में तेज धूप के कारण होने वाली टैनिंग को लेकर काफी परेशान रहती हैं। ऐसे में अगर आप भी फेस पर जमा टैनिंग को कम करना चाहती हैं और कोरियन ग्लास स्किन पाना चाहती हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

कई महिलाएं ग्लोइंग स्किन पाने के लिए कई महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं और कुछ घरेलू नुस्खे आजमाती हैं। लेकिन अपनी स्किन को चमकदार बनाने के लिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसा सीक्रेट बताने जा रहे हैं, जिसको आजमाकर आप भी फेस की टैनिंग को कम कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन खूबसूरत और मुलायम होगी।

**चावल का पानी और एलोवेरा जेल**

आप घर में रहकर कम खर्च में एक खास उपाय आजमा सकती हैं। यहां पर हम चावल के पानी और ऐलोवेरा जेल से तैयार एक खास पेस्ट के बारे में बात कर रहे हैं। यह मिश्रण आपको कोरियन ग्लास स्किन देने में मदद कर सकता है। इस मिश्रण को बनाने में कुछ सामग्री की जरूरत पड़ेगी।

**पेस्ट बनाने के लिए सामग्री**

एलोवेरा जेल
चावल का पानी
विटामिन ई कैप्सूल
गुलाब जल

**पेस्ट बनाने का तरीका**

आप आसानी से चावल के पानी से पेस्ट बनाकर तैयार कर सकती हैं।

इसको बनाने के लिए रातभर के लिए चावल को पानी में भिगोकर रख दें।

फिर अगली सुबह चावल का पानी अलग कर लें।

एक साफ कटोरी में एलोवेरा जेल लें।

इसमें चावल का पानी और गुलाबजल मिक्स करें।

अब इसमें विटामिन ई कैप्सूल डालकर अच्छे से मिक्स करें।

**ऐसे लगाएं**

इसको अच्छे से अपने फेस पर अप्लाई करें।

वहीं रात में सोने से पहले 40 मिनट तक फेस पर लगाएं।

इसके बाद थोड़ी देर फेस का मसाज करें और फिर गुनगुने पानी से फेसवॉश कर लें।

सप्ताह में दो बार इसका इस्तेमाल करने से आपको फर्क साफ दिखेगा।

अगर आप पहली बार फेसपैक का इस्तेमाल कर रही हैं, तो पहले पैच टेस्ट जरूर करें।

## Office और Travel में चाहिए Instant Glow? बैग में हमेशा रखें ये 5 Skincare Essentials



अगर आपके पास कम समय है और आप अपनी स्किन को हेल्दी और सुंदर बनाए रखना चाहती हैं, तो आपको बाहर जाते समय अपने बैग में कुछ ब्यूटी प्रोडक्ट्स को जरूर रखना चाहिए। यह सारे प्रोडक्ट्स बहुत काम के हैं।

ब्यूटी का मतलब सिर्फ खूबसूरती से नहीं होता है। बल्कि स्किन को हर तरह से सही रखना होता है। जब भी हम कहीं बाहर जाते हैं, तो सोचते हैं कि अपने बैग में ऐसा क्या-क्या रखें। जिससे कि हमारा चेहरा फ्रेश और सुंदर बना रहा। लेकिन अगर आपके पास कम समय है और आप अपनी स्किन को हेल्दी और सुंदर बनाए रखना चाहती हैं, तो आपको बाहर जाते समय अपने बैग में कुछ ब्यूटी प्रोडक्ट्स को जरूर रखना चाहिए। यह सारे प्रोडक्ट्स बहुत काम के हैं। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इन ब्यूटी प्रोडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

**फेस क्लींजर या फेस वॉश**

बाह जाते समय चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए सबसे जरूरी होता है, स्किन को साफ रखना, ऑयल, दिनभर की धूल-मिट्टी और मेकअप को हटाने के लिए अच्छा फेस क्लींजर या फेस वॉश होना जरूरी है। इसलिए आप अपने स्किन टाइप के हिसाब से क्लींजर और फेस वॉश को रख सकती हैं।

**फेस मास्क**

बाहर निकलने पर धूप और धूल की वजह से फेस पर गंदगी की परत जम जाती है। इसके लिए फेस मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। जब आप बाहर जाएं, तो बैग में फेस मास्क जरूर रख लें। यह ब्यूटी प्रोडक्ट आपके बहुत काम आएगा।

**लिप बाम**

फेस के साथ-साथ होंठों की देखभाल करना जरूरी है। फटे और ड्राय होंठ बहुत दर्द होते हैं और हमारा लुक भी खराब कर देते हैं। इसलिए लिप बाम को अपने पास जरूर रखना चाहिए। इसके साथ ही आप विटामिन E और SPF युक्त लिप बाम का यूज कर सकती हैं।

**मॉइस्चराइजिंग क्रीम**

स्किन को कोमल और मुलायम बनाने के लिए आपके पास मॉइस्चराइजिंग क्रीम होना जरूरी है। इसलिए इसको बाहर जाते समय मॉइस्चराइजिंग क्रीम ले जाना न भूलें।

**फेस सीरम या नाइट क्रीम लगाएं**

रात को हमारी त्वचा रिपेयर होती है। इसलिए रात को सोते समय कोई अच्छी नाइट क्रीम या सीरम स्किन अपने फेस में जरूर लगाना चाहिए। इससे आपका फेस अगली सुबह फ्रेश और ग्लोइंग रहेगा।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
(IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682